<><><><><><><>

- अट्ठारहवां प्रवासी भारतीय दिवस आठ से दस जनवरी, तक भुवनेश्वर, में आयोजित किया जा रहा है–द्वीपसमूह का पर्यटन विभाग भी इस कार्यक्रम में भाग ले रहा है।
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे भारत में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना घोषित की है।
- भारत की समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए द्वीप प्रशासन गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर में अपना तटीय यूटी मंडप स्थापित करेगा।
- गैर सरकारी संगठन पंख की ओर कल दिव्यांग जनों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कालीकट गांव में एक हजार वर्ग मीटर भूमि को खाली कराया गया।

<><><><><><><>

भारत सरकार द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम अट्ठारहवां प्रवासी भारतीय दिवस आठ से दस जनवरी, तक भुवनेश्वर, में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के साथ संबंधों को मजबूत करना और देश के विकास में उनके योगदान को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज किया जाएगा। इस दौरान कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी। अंडमान निकोबार प्रशासन का पर्यटन विभाग भी इस कार्यक्रम में भाग ले रहा है। विभाग ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय स्मारकों और पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रचार स्टॉल स्थापित किया है। इस पहल से द्वीप समूह की अनूठी विशेषताओं की ओर विश्व का ध्यान आकर्षित होने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे भारत में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना घोषित की है। इसके अंतर्गत संस्थान की स्थापना के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी जायेगी। स्वचालित परीक्षण केंद्र और चालक प्रशिक्षण संस्थान की एकीकृत अवसंरचना के

लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। श्री गडकरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है तथा सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिये वचनबद्ध है।

<><><><><><><>

भारत की समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए द्वीप प्रशासन गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर में अपना तटीय यूटी मंडप स्थापित करेगा। यह परिसर एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप मे काम करेगा, जिसमें अब तक की सभी विविध और जीवंत कलाकृतियों को एकत्र कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। पवेलियन को वास्तुकला, संस्कृति, समुद्री विरासत जैसे विषयों पर डिजाइन किया जाएगा। आम जनता और स्वैच्छिक संगठनों से इस संबंध में उपलब्ध जानकारी और सामग्री कला और संस्कृति विभाग के साथ साझा करने का अनुरोध किया गया है। संबंधित जानकारी कला और संस्कृति सचिव के मेल पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय द्वारा द्वीपसमूह में मत्स्य पालन के व्यापक विकास पर एक मसौदा नीति तैयार किया गया है। मसौदे में समुद्र मत्स्य पालन, मछली पकड़ने की तकनीक, समुद्री कृषि, मीठे पानी की जलीय कृषि जैसे विभिन्न बिन्दुओं पर आम जनता और मत्स्य पालन से जुड़े हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां मांगे गए हैं। मसौदा नीति प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सुझाव और टिप्पणियां मत्स्य विभाग के निदेशक के पते पर लिखित रूप से या मेल के माध्यम से तीस दिनों के भीतर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

गैर सरकारी संगठन पंख की ओर से कल समग्र क्षेत्रीय केंद्र के सहयोग से एक महत्वपूर्ण नववर्ष समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने दिव्यांगजनों की ऊर्जा और उत्साह की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य सचिव द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। इस दौरान दिव्यांग बच्चों और अभिभावकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में समाज कल्याण सचिव

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कालीकट गांव में अभियान चलाया गया, जिसमें सरकारी राजस्व भूमि पर नए अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान, कब्जा किए गए भूमि पर तीन अस्थायी ढांचों को हटा दिया गया, जो लगभग एक हजार वर्ग मीटर में फैली हुई थी। प्रशासन द्वारा आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे अनधिकृत अतिक्रमणों में शामिल

न हों और इस तरह की गतिविधियों से दूर रहकर प्रशासन के साथ सहयोग करें। अतिक्रमण से संबंधित किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए, लोग जिला नियंत्रण कक्ष को फ़ोन पर या व्हाट्सएप के माध्यम सेः जानकारी दे सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने कल टुसनाबाद ग्राम पंचायत का दौरा कर विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने टुसनाबाद पंचायत में सड़क, बिजली, सार्वजनिक पार्किंग और अन्य परियोजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। दौरे के दौरान उन्होंने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जो इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने क्षेत्र में सी सी रोड की आधारशिला रखी। ज़िला उपायुक्त ने स्थानीय निवासियों को लाभ पहुंचाने वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण में ग्राम पंचायतों के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान ज़िला उपायुक्त के साथ फरारगंज पंचायत समिति प्रमुख पदमावती, क्षेत्र के प्रधान आनन्द अमृत राज और पंचायती राज संस्था के अभियंता और सदस्य उपस्थित थे।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में पांडिचेरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की परीक्षा की समय सारणी कॉलेज के परीक्षा अनुभाग की सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। इसके अलावा समय सारणी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

उधर एनकॉल कॉलेज में एक सौ चौवन इन्फेन्टरी बटालियन में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा बारह जनवरी को सुबह साढ़े सात बजे से ली जाएगी। योग्य उम्मीदवारों से कॉलेज में अपने आधार कार्ड और एडमिट कार्ड के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है और अधिक जानकारी के लिए फोन संख्या आठ नौ शून्य शून्य नौ एक आठ छह एक छह पर सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पी एम उषा योजना के तहत महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में विभिन्न ट्रेडो में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवार और स्थानीय क्षेत्र के बेरोज़गार युवा, पच्चीस जनवरी तक निर्धारित प्रपत्र में अपना नाम कॉलेज के प्राचार्य के पते पर सीधे या ई–मेल के जरिए भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अड़तीसवां दीक्षांत समारोह फरवरी माह में श्री विजयपुरम स्थित क्षेत्रीय केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता

है। विद्यार्थी जिन्होंने दिसम्बर दो हजार तेईस और जून दो हजार चौबीस की टर्म एंड परीक्षाएं पूरी कर ली है, उन्हें इग्नू की वेबसाइट पर जाकर शुल्क की अदायगी कर ऑनलाइन पंजीकरण कराने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

मुख्य सचिव द्वारा समग्र क्षेत्रीय केन्द्र में नव वर्ष समारोह में दिव्यांगजनों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के समाचार को द्वीप समाचार ने सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने मत्स्य विभाग द्वारा द्वीपों के मत्स्यपालन के व्यापक विकास पर मसौदा नीति तैयार करने के समाचार को भी पहले पन्ने पर जगह दी है। द डेली टेलीग्राम्स ने टुसनाबाद पंचायत में उपायुक्त अर्जुन के दौरे के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया है, वहीं अखबार ने भुवनेश्वर में आयोजितत प्रवासी भारतीय दिवस में पर्यटन विभाग द्वारा स्टॉल स्थापित करने के समाचार को मुख्य रूप से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>